आज समाज 09/10/2025

रोजगार एवं उद्यमिता के नए अवसरों से अवगत कराना हमारी जिम्मेदारी: डॉ. रोहित दत्त

आज समाज नेटवर्क

मुख्यातिथि के साथ स्टाफ व स्टूडेंट्स।

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला छावनी में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), करनाल के सहयोग से आयोजित साप्ताहिक कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत आज का सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल युग में रोजगार एवं उद्यमिता के नए अवसरों से अवगत कराना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। आज के प्रशिक्षण सत्र में विद्यार्थियों को कैनवा पर हैंड्स-ऑन प्रैक्टिस, सोशल मीडिया मार्केटिंग, अन्य व्यावहारिक विषयों पर जानकारी दी गई। साथ ही, प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को दीपावली से पूर्व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से कमाई के व्यावहारिक उपाय भी सिखाए। यह सत्र डिजिटल द्रोणाचार्य टीम, सोनीपत के डॉ. आकाश और श्री मोहित द्वारा अत्यंत रोचक और इंटरएक्टिव तरीके से संचालित किया गया। कार्यक्रम के सुचारू संचालन में प्रो. कमलप्रीत कौर एवं डॉ. दिशा अरोड़ा का मार्गदर्शन रहा, जबकि डॉ. शुभम और सुश्री महिमा ने सत्र के प्रबंधन व समन्वय की जिम्मेदारी बखूबी निभाई। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कॉलेज द्वारा संचालित यह साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को उद्योग जगत की नवीनतम प्रवृत्तियों से जोड़ते हुए उनके व्यावसायिक विकास की दिशा में एक सशक्त पहल सिद्ध हो रहा है।